**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 01.05.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना गिरवां पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व अवैध सूखे गांजे के साथ दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 01.05.2025 को थाना गिरवां पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व अवैध सूखे गांजे के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 01.05.2025 को सुबह थाना गिरवां पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान अतर्रा रोड पर वनसखा ग्राम के पास से दो अभियुक्तों को अवैध तमंचा व अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शारदा प्रसाद कुशवाहा के कब्जे से 1100 ग्राम अवैध सूखा गांजा तथा प्रकाश चन्द्र उर्फ भूरा यादव के कब्जे से 12 बोर के अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है।

**बरामदगी-**

- 1100 ग्राम अवैध सूखा गांजा
- 01 अवैध तमंचा 12 बोर
- 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. शारदा प्रसाद कुशवाहा पुत्र नत्थू कुशवाहा निवासी वनसखा थाना गिरवां जनपद बांदा।
2. प्रकाश चन्द्र उर्फ भूरा यादव पुत्र रज्जू निवासी वनसखा थाना गिरवां जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 114/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गिरवां जनपद बांदा।
- मु0अ0सं0- 115/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना गिरवां जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री यज्ञनारायण भार्गव
2. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार
3. हे0कां0 विजय सिंह
4. कां0 कृष्णकान्त